NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-42, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 18 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष ला सकता है महाभियोग

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्रवाई शुरू होने से पहले विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया था।

वोटर वेरिफेकशन और वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

इधर, संसद में सोमवार को भी लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष लोकसभा में बिहार वोटर

## लोकसभा में लगे वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा



वेरिफिकेशन को लेकर नारेबाजी की। सांसदों ने वोट चोर गद्दी छोड़ और वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए।

लोकसभा स्पीकर की चेतावनी के बावजूद हंगामा जारी रहा। इसके चलते लोकसभा दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई है। इधर, राज्यसभा भी विपक्ष के हंगामे के बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में सोमवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सफलता पर विशेष चर्चा होनी है। इसके बाद पीयूष गोयल जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 और धर्मेंद्र प्रधान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (संशोधन) बिल 2025 पेश करेंगे।

# कोच्चि में टेकऑफ से पहले एअर इंडिया प्लेन में खराबी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार रात एअर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी।

एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए। फ्लाइट संख्या 504 एआई को एयरबस अ321 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट किया जाना था। अब एअर इंडिया दूसरे एयरक्राफ्ट से यात्रियों को दिल्ली भेजने की तैयारी कर रही है। फ्लाइट में एर्नाकुलम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद हिबी ईडन भी सवार थे। ईडन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया, 'विमान अक 504 में कुछ एबनॉर्मल था। ऐसा लगा जैसे विमान रनवे पर फिसल गया।'



■ सांसदों को लेकर दिल्ली आ रही थी यह फ्लाइट, बाद में हुई कैंसिल

### सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर अखिलेश

# 'राजनाथ सिंह वरिष्ठ नेता, जरूरत होगी तो बात करेंगे'



**नई दिल्ली।** एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह अच्छी बात है, लेकिन फैसला इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद लिया जाएगा। अखिलेश ने चुनाव आयोग पर पिछड़ी जातियों के वोट जानबूझकर काटने और भाजपा की ज्यादा सुनने का भी आरोप लगाया। उन्होंने निष्पक्ष अधिकारियों की नियुक्ति की मांग की।

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति का पद खाली है। पहले जो उपराष्ट्रपति थे, वो अब कहां हैं? एक नया उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। यह एक अच्छी बात है। हम क्या फैसला लेंगे, यह अलग बात है। हम बैठकर तय करेंगे। उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं। वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वह बात करेंगे, हम बात करेंगे और अगर बातचीत की जरूरत होगी, तो हम बात करेंगे। लेकिन हमारी राजनीतिक लाइन स्पष्ट है। अब इंडिया ब्लॉक को फैसला करना है।


चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, वह जानबूझकर पिछड़ी जातियों के वोट काटता है और मीडिया के जरिए यह दिखाया जाता है कि उन्हें पिछड़ों का समर्थन मिल रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनके वोट ही काटे जा रहे हैं। हमारी सिर्फ इतनी मांग है कि अगर किसी जिलाधिकारी (डीएम) को सस्पेंड कर दिया जाए, तो पूरे देश में एक भी वोट नहीं कटेगा।

# दिल्ली के 3 स्कूलों को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी के 3 स्कूलों को सोमवार को बम की धमकी मिली। इसके बाद एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली करा दिया गया है। इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मॉडर्न कॉन्वेंट और श्रीराम स्कूल का नाम शामिल हैं।

दिल्ली फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह 7 बजे स्कूल के अंदर एक विस्फोटक उपकरण होने की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की कई टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। तलाशी अभियान जारी है। जुलाई महीने में दिल्ली समेत मुंबई और बेंगलुरु के स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल मिले थे, लेकिन ये मेल झूठे निकले। सुरक्षा एजेंसियों को स्कूलों में कुछ नहीं मिला।





उपराष्ट्रपति चुनाव

# सीपी राधाकृष्णन पर एनडीए ने लगाई मुहर

## कौन होगा विपक्ष का कैंडिडेट? आज होगा तय



नई दिल्ली। देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव नौ सितंबर को होने वाला है और सत्ता पक्ष एनडीए ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के लिए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। वहीं, विपक्षी गठबंधन ने अबतक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। विपक्षी नेता आज यानी सोमवार (18 अगस्त) की सुबह इसे लेकर बैठक करने वाले हैं, बैठक में उपराष्ट्रपति के संयुक्त उम्मीदवार के नाम पर अगर सहमति बन गई तो आज ही नाम का ऐलान हो जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक विपक्षी दल 'इंडिया' के नेता सोमवार की सुबह 10.15 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक करेंगे और उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार को लेकर गहन मंथन करेंगे। आज की यह बैठक सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद, उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने के एक दिन बाद हो रही है।

**एनडीए ने चुनाव मैदान में उतार दिया कैंडिडेट**

बता दें कि राधाकृष्णन तमिलनाडु के रहने वाले हैं, जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। सत्तारूढ़ भाजपा को लगता है कि आरएसएस पृष्ठभूमि वाले एक अनुभवी भाजपा नेता राधाकृष्णन के नामांकन से तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके का समर्थन मिलेगा, लेकिन यह देखना अहम होगा कि सोमवार को विपक्षी दल अपने बैठक में क्या तय करते हैं।

**सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच होगा घमासान?**

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद राधाकृष्णन के नामांकन की घोषणा करते हुए कहा कि एनडीए उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से बात करेगा। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने पहले ही चुनाव के लिए एक संयुक्त 'गैर-राजनीतिक' उम्मीदवार उतारने के अपने फैसले की घोषणा कर दी थी।

पिछले महीने निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के कारण उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव आवश्यक हो गया है। यह चुनाव 9 सितंबर को होना है और चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है।

# ईसी पर गरजे तेजस्वी और राहुल

## राहुल बोले- मुझसे हलफनामा मांगते हैं लेकिन अनुराग ठाकुर से नहीं



**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के औरंगाबाद में एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। एक तरफ राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांगता है लेकिन बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर ने नहीं मांगता। वहीं दूसरी तरफ तेजस्वी ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग को रक्फ़के जरिए आपके वोट चुराने के लिए भेजा गया है।

तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर हमला बोला है। उन्होंने औरंगाबाद में जनता को संबोधित करते हुए कहा, जब बिहार में ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग फेल हो गए, तो उन्होंने अब बिहार में चुनाव आयोग को एसआईआर के जरिए आपके वोट चुराने के लिए भेजा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार आपके वोट चुराना चाहती है। एक बड़ा घोटाला चल रहा है और वे आपके वोट काट रहे हैं।

औरंगाबाद में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। लेकिन जब अनुराग ठाकुर वही बात कहते हैं जो मैं कह रहा हूं, तो उनसे हलफनामा नहीं मांगा जाता। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुए और इंडिया गठबंधन जीत गया। चार महीने बाद, विधानसभा चुनाव हुए और उसी महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन ने भारी जीत हासिल की और हमारा गठबंधन दिखाई नहीं दिया। गायब हो गया। जब हमने जांच की, तो पता चला कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के बाद चार महीनों में जादुई तरीके से एक करोड़ नए मतदाता बना दिए। जहां भी नए मतदाता आए, वहां भाजपा जीत गई। हमारे वोट कम नहीं हुए। राहुल गांधी ने कहा, इंडिया गठबंधन को विधानसभा में उतने ही वोट मिले जितने लोकसभा में मिले थे। बीजेपी को सभी नए मतदाता मिले। इसलिए हमें शक हुआ। हमने चुनाव आयोग से कहा कि हमें यह समझाएं। ये एक करोड़ मतदाता कहां से आए? वे कौन हैं? चुनाव आयोग ने हमें कहा कि हम स्पष्टीकरण नहीं देंगे। हमें आपके स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। फिर हमने उन्हें बताया कि आपने सीसीटीवी लगाए हैं।

कानून यह है कि सीसीटीवी मांगने वाले किसी भी दल को सीसीटीवी कैमरे देने होंगे। उन्होंने कहा कि वे सीसीटीवी नहीं देंगे। फिर हमने कहा कि हमें मतदाता सूची दीजिए। वे कहते हैं कि वे इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची नहीं देंगे।

# गुजरात में दो कारें टकराने से 8 लोग जिंदा जले



**सुरेंद्रनगर।** जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार की शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा गिरी वढवाण पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ। हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने से टक्कर हुई। टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार से एक व्यक्ति ही गंभीर हालत में बाहर निकल सका, लेकिन अस्पताल जाते समय उसकी भी मौत हो गई।

सभी मृतक रिश्तेदार थे और कड़ू से सुरेंद्रनगर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

# यूपी दरोगा भर्ती: बोर्ड की नई गाइडलाइन जारी

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने निराकरण कर दिया है। खासकर महिला अभ्यर्थियों द्वारा जाति प्रमाणपत्र के बारे में पूछे जाने पर बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उन्हें पिता पक्ष का जाति प्रमाणपत्र मुहैया कराना होगा।

बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक महिला अभ्यर्थियों की जाति का निर्धारण उसके पिता पक्ष से होता है। इस बाबत पूर्व में शासनादेश भी जारी हो चुका है, जिसके मुताबिक पिता पक्ष से जारी जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होता है। बोर्ड ने महिला अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वह आरक्षण का लाभ पाने के लिए पिता पक्ष को जारी प्रमाणपत्र ही अपलोड करें। इसके अलावा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की अंक तालिका एवं प्रमाणपत्र संबंधी अभिलेख के बारे में बोर्ड ने बताया है कि यदि अंक तालिका एवं प्रमाणपत्र अलग-अलग हैं, तो आवेदन पत्र में अंक तालिका एवं प्रमाणपत्र दोनों अपलोड करने होंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग ने सब-इंस्पेक्टर (रक) के 4543 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। आवेदन की प्रक्रिया 12 अगस्त 2025 से शुरू हो चुकी है और अंतिम तिथि 11 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे चीनी विदेश मंत्री वांग यी



**नई दिल्ली।** गलवान में हुए संघर्ष के बाद भारत और चीन के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलती हुई नजर आ रही है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी का सोमवार से 2 दिवसीय भारत दौरा शुरू हो रहा है। अपनी यात्रा को दौरान वांग यी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी है। मंगलवार को होने वाली यह बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि यह शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी की चीन की प्रस्तावित यात्रा से कुछ दिन पहले होगी।

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात से पहले वांग विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अलग-अलग वार्ता करेंगे, जिसमें दोनों पक्ष सीमा की स्थिति, व्यापार और उड़ान सेवाओं की बहाली सहित कई प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। चीनी विदेश मंत्री की यात्रा को दोनों पड़ोसियों की ओर से संबंधों को सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

गलवान घाटी में 2020 में हुई सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच संबंध निचले स्तर तक पहुंच गए थे। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि वांग की यात्रा के दौरान दोनों पक्ष विवादित सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता के लिए नए विश्वास-निर्माण उपायों पर चर्चा कर सकते हैं। वांग की यात्रा को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने संबंधी निर्णय से भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी विवरण के अनुसार, चीनी विदेश मंत्री सोमवार शाम लगभग 4:15 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। शाम लगभग छह बजे वह एस जयशंकर से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वांग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल मंगलवार को 11 बजे सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता का नया संस्करण आयोजित करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग मंगलवार शाम 5:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी से उनके 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात करेंगे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 18 अगस्त, 2025




# मथुरा में बाढ़ का खतरा....बढ़ने लगा यमुना का जलस्तर, गांव में घुसा पानी; डूब गई फसलें

एनएनआई

**मथुरा।** यमुना का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। रविवार को जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार गया है। यमुना से सटे क्षेत्रों के लोगों की धड़कनें बढ़ना शुरू हो गई हैं। नौहझील क्षेत्र में करीब 10 दिन से बाढ़ जैसे हालात हैं। यमुना का पानी गांव तक पहुंच गया है। किसानों की सैकड़ों बीघा फसलें डूब गई हैं। इससे पशुओं के लिए चारे का भी इंतजाम नहीं हो पा रहा है।

नौहझील-शेरगढ़ मार्ग भी कई दिनों से अवरुद्ध है। करीब दो-दो फीट पानी सड़क पर बह रहा है। पानी के तेज बहाव में भी राहगीर निकलने को मजबूर हैं। यही हाल यमुना से सटे जयसिंहपुरा, वृंदावन में यमुना खादर समेत अन्य क्षेत्रों का है। जलस्तर बढ़ने से लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया है। प्रशासन ने यमुना से सटी कॉलोनियों में रहने वालों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

हालांकि बीते सोमवार से यमुना का जलस्तर लगातार कम हो रहा था, लेकिन शनिवार से जलस्तर फिर से बढ़ने लगा। रविवार को ताजेवाला बैराज से 1.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया और ओखला बैराज से 51 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो बीते सप्ताह से दो गुना अधिक है। वहीं गोकुल बैराज से 71 हजार क्यूसेक के करीब पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे बीते 24 घंटे में यमुना का जलस्तर चेतावनी बिंदु के निशान को पार कर गया है।

रविवार शाम को 165.56 मीटर जलस्तर रिकॉर्ड किया गया है, जबकि चेतावनी बिंदु 165.20 मीटर पर है। सिंचाई विभाग अपर खंड के एक्सईएन नवीन कुमार ने बताया कि शनिवार रात से यमुना का जलस्तर फिर बढ़ने लगा है। बीते सोमवार को यमुना का जलस्तर लगातार घट रहा था, लेकिन ताजेवाला और ओखला बैराज से अधिक पानी छोड़ने की वजह से जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है।


**स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांवों में लगाए शिविर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में डाक्टरों की टीमों द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। टीम ने गांव अड्डा मीणा, फिरोजपुर, अड्डा जाटव, मांगलखोर, अड्डा मल्हान में शिविर लगाए। इसमें बुखार, खांसी, जुकाम, खुजली, मलेरिया आदि रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमराज सिंह ने बताया प्रधानों के सहयोग से मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। शिविरों में डॉ. रणविजय, रामबाबू, उमेश गुप्ता, प्रकाश, कृष्णबिहारी, रविंद्र, शिवकुमार, शिवम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी कल्चर रहा हावी, मंगला आरती में रोक दिए श्रद्धालु

एनएनआई

**मथुरा।** श्रीबांकेबिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाली मंगला आरती में इस बार कुछ अलग ही दृश्य देखने को मिला। आरती में केवल 600 लोगों को ही अनुमति दी गई थी। केवल पासधारक ही पहुंचे, लेकिन मंदिर में तमाम पुलिसकर्मी और उनके स्वजन आरती में शामिल हो गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लग रहा है कि आरती के दौरान मंदिर में दो हजार से अधिक लोग मौजूद रहे। भीड़ के कारण खुद अधिकारी भी फंसे हुए नजर आए। उन्हें निकालने के लिए पुलिसकर्मियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। फेसबुक पर ब्रजवासी तरह-तरह के कमेंट्स भी लिख रहे हैं। पुलिस प्रशासन के इस रवैये का विरोध भी हो रहा है।



विदित हो कि जन्माष्टमी के पर्व पर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में वर्ष में एक बार मंगला आरती की जाती है। साल 2022 में मंगला आरती में भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मौत और कई लोगों के घायल हो जाने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर मंदिर के संचालन की जिम्मेदारी सिविल जज जूनियर डिवीजन को दे दी। तभी से कोर्ट के आदेश पर सारे कार्य हो रहे थे। पिछले वर्ष कोर्ट ने आरती में 600 लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी थी, जिसमें सेवायत और उनके परिजन भी शामिल थे। इस बार मंदिर की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित हाईपावर कमेटी पर है। कमेटी के अध्यक्ष हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज अशोक कुमार हैं।

उन्होंने अभी हाल ही मीटिंग कर अधिकारियों से कहा कि इस बार भी 600 लोगों को ही परमिशन दी जाए। इसके लिए सेवायतों ने पास जारी किए। एसपी सिटी और सीओ सदर के ऑफिस से पास बनाए गए, लेकिन मंदिर में आरती के समय अत्यधिक लोग पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों से लेकर सिपाहियों तक की भीड़ मंदिर में आरती के दौरान रही। भीड़ भी इतनी अधिक हो गई कि खुद एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ और उनके परिजन भी फंस गए। पुलिसकर्मियों को उन्हें निकालने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। वहीं भीड़ में फंसकर एक महिला श्रद्धालु की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

मंदिर में टूट गई वर्षों पुरानी परंपरा, नहीं सुनाई गई कथा

जब मंदिर में ठाकुर जी का पर्दे की ओट में अभिषेक और मंगला आरती होती है तो मंदिर के अंदर सेवायत श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हैं, लेकिन इस बार सेवायतों ने ऐसा नहीं किया। मंदिर के उपप्रबंधक उमेश शर्मा ने बताया कि इस बार भी मंदिर के सेवायत ब्रजेश गोस्वामी से कथा सुनाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कह दिया कि मंदिर में आम श्रद्धालुओं को कथा सुनाई जाती है। जब वह ही नहीं तो कथा किसे सुनाएं।

# फिरोजाबाद में खाई से मिला महिला का शव

## पीठ पर धारदार हथियार के निशान, हाथ में राखी और टैटू से पहचान की कोशिश

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पचोखरा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाने से मात्र 500 मीटर दूर अधैत मार्ग के पास सड़क किनारे स्थित पानी से भरी खाई में 35 वर्षीय महिला का शव तैरता मिला।

राहगीरों की सूचना पर थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकाला। मृतका काली पाजामी पहने हुई थी। उसके हाथ पर टैटू बना था और पैर में काला धागा बंधा था। हाथ में राखी भी पहनी हुई थी। महिला की पीठ पर धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान मिले हैं। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष





पारुल मिश्रा ने बताया कि अभी तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान के लिए प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, जिससे मृत्यु का सटीक कारण पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

# हाथरस में मां से कहासुनी के बाद छात्रा ने फांसी लगाई

एनएनआई

**हाथरस।** कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव गीगला में एक दुखद घटना सामने आई। यहां एक 22 वर्षीय बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्गेश उर्फ नंदिनी सादाबाद क्षेत्र के कुरसंडा स्थित डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा थी। परिवार के लोगों के मुताबिक वह पिछले दो साल से लगातार फेल हो रही थी। रविवार को इसी बात को लेकर उसकी मां ने उसे टोका।

इस पर मां-बेटी में कहासुनी हो गई। विवाद के बाद नंदिनी ने घर के एक कमरे में जाकर फांसी लगा ली। यह घटना रविवार की शाम 4 बजे के लगभग हुई। परिवार के लोगों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी।



मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पांच भाई-बहनों में नंदिनी सबसे छोटी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महंगी हुई जमीन

## शहर से लेकर देहात तक लागू हुआ नया सर्किल रेट

## 50 प्रतिशत बढ़ गई मकान, दुकानों कीमत



एनएनआई

**आगरा।** जमीन, मकान और दुकान खरीदना सोमवार से 40 प्रतिशत तक महंगा हो जाएगा। सोमवार से नए सर्किल रेट प्रभावी हो जाएंगे। नए रेट के अनुसार ही बैनामा होंगे। अब फव्वारा में दुकान की कीमत 1.95 लाख रुपये प्रति वर्गमीटर होगी, जबकि संजय प्लेस में 1.84 लाख रुपये। एमजी रोड, कमला नगर, जयपुर हाउस और फतेहाबाद रोड पर भी संपत्ति खरीदने में भी जनता की जेब ढीली होगी।

आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई के बाद डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सोमवार से नए सर्किल रेट लागू करने के आदेश दिए हैं। जिले में करीब आठ साल बाद सर्किल रेट का निर्धारण हुआ है। एडीएम वित्त राजस्व शुभांगी शुक्ला ने बताया कि सर्किल रेट लागू करने से पहले निबंधन और राजस्व टीमों ने संयुक्त सर्वे किया। बाजार मूल्य परखा। उसके आधार पर नए सर्किल रेट का निर्धारण हुआ है।

सोमवार से खेरागढ़, एत्मादपुर, फतेहाबाद, किरावली, बाह और सदर तहसील क्षेत्र में भी बढ़े हुए सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति खरीदने के लिए स्टांप शुल्क देना पड़ेगा। पांच श्रेणियों में सर्किल रेट जारी हुए हैं। आवासीय दरों में 30 से 40 प्रतिशत, व्यावसायिक दरों में 35 से 40 प्रतिशत और रोड सेगमेंट की दरों में 50 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इनके अलावा नव विकसित क्षेत्रों में 30 प्रतिशत और औद्योगिक क्षेत्रों के सर्किल रेट में भी 30 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है।

सड़क की चौड़ाई के हिसाब से जमीन की कीमत

नए सर्किल रेट में जमीन की कीमत सड़क की चौड़ाई के अनुसार होगी। जितनी ज्यादा चौड़ी सड़क, उतनी महंगी। अकृषक भूमि पर नौ मीटर, 18 मीटर और 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर अलग-अलग सर्किल रेट निर्धारित हुए हैं। इनके अलावा वाणिज्यिक संपत्ति में दुकान, कार्यालय और गोदाम की भूमि का रेट अलग-अलग होगा। इसी तरह एकल वाणिज्यिक भवन में स्थित दुकान, गोदाम व कार्यालय का सर्किल रेट कार्पेट एरिया के अनुसार निर्धारित किया गया है।

### इन क्षेत्रों में नया सर्किल रेट

संजय प्लेस में नौ मीटर मार्ग पर - 10,2000 से बढ़कर 1,53,000
संजय प्लेस में व्यावसायिक भवन में दुकान - 1,21,000 से बढ़कर 1,84,000
संजय प्लेस में आजाद फिलिंग स्टेशन से यश बैंक तक - 89,500 से बढ़कर 1,34,000
हरीपर्वतन से नालबंद चौराहा तक एमजी रोड - 83,000 से बढ़कर 1,24,000
मदिया कटरा तिराहा से रेलबे फाटक तक - 55,000 से बढ़कर 82,000
सुभाष पार्क से पंचकुइयां मार्ग तक - 55,000 से बढ़कर 82,000
कमला नगर में बी, सी व डी ब्लॉक में - 55,000 से बढ़कर 74,000
कमला नगर में ए, ई, एफ, जी व एच ब्लॉक में - 38,000 से बढ़कर 51,000
फव्वारा में दुकान का सर्किल रेट - 1,30,000 से बढ़कर 1,95,000
हींग की मंडी में दुकान का सर्किल रेट - 1,00,000 से बढ़कर 1,50,000

**( सभी रेट प्रतिवर्ग मीटर में)**

# जाम से निजात को तैयार किया जा रहा प्लान

- खंदारी से प्रतापपुरा तक बनेगा 15 किमी. लंबा फ्लाईओवर
- शाहगंज से गुजरेगा, डीएम ने दिए सर्वे के निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली एमजी रोड को जाम से निजात मिलेगी। एमजी रोड का यातायात परिवर्तित करने के लिए सबसे लंबा फ्लाईओवर बनेगा। यह खंदारी से शुरू होकर राजामंडी, लोहामंडी, शाहगंज होते हुए प्रतापपुरा को जोड़ेगा। आगरा-दिल्ली हाईवे से वाहन इस फ्लाईओवर के जरिये सीधे माल रोड जा सकेंगे।

जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने फ्लाईओवर के सर्वे और एलाइनमेंट निर्धारण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और राज्य सेतु निगम को निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि एमजी रोड से भविष्य में यातायात का दबाव कम करने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया जाएगा। इसके लिए फ्लाईओवर सबसे बेहतर विकल्प है, जो खंदारी से लोहामंडी, शाहगंज होते हुए प्रतापपुरा तक जाएगा। पहले इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। फिर विशेषज्ञ एजेंसी से डीपीआर बनवाई जाएगी। फ्लाईओवर बनने से एमजी रोड पर जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

### मेट्रो मॉडल पर बनेगा फ्लाईओवर

फ्लाईओवर का निर्माण मेट्रो मॉडल पर होगा। पहले पिलर खड़े किए जाएंगे, फिर ऊपर रोड बनेगी। बीच-बीच में प्रवेश और निकास के लिए रास्ता होगा। जहां से फ्लाईओवर पर वाहन चढ़ और उतर सकेंगे। फिलहाल, एमजी रोड पर मेट्रो के एलिवेटिड ट्रैक निर्माण का कार्य चल रहा है। यह कार्य 2026 तक चलेगा। मेट्रो निर्माण की बैरिकेडिंग से भी एमजी रोड संकरी हो गई है।

### रोज दौड़ते हैं एक लाख से ज्यादा वाहन

भगवान टॉकीज से प्रतापपुरा तक आठ किमी. लंबी एमजी रोड पर रोज करीब एक लाख से अधिक वाहन दौड़ते हैं। बस, ऑटो, रिक्शा व अन्य भारी वाहनों के कारण जाम की समस्या विकराल रूप ले रही है। एमजी रोड पर यातायात का दवाब कम करने के लिए 2010 में कलेक्ट्रेट से पुलिस लाइन, पंचकुइयां, कोठी मीना बाजार, साकेत कॉलोनी, मारुति एस्टेट से बोदला, अमरपुरा होते हुए मघटई तक एमजी रोड-2 बनाई गई थी लेकिन एमजी रोड-2 पर भी अब जाम की समस्या खड़ी हो गई है।

# गेम में बच्चे ने गंवा दिए पिता के 2.5 लाख

**आगरा एनएनआई।** गेम प्वाइंट लेने के लिए 12 साल के बालक ने पिता के खाते से 2.50 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। खाते से रकम कटने पर पिता ने बैंक और साइबर सेल में शिकायत की। तब उन्हें पता चला कि खाते से रकम ऑनलाइन गेम खेलने पर खर्च हुई है।

सिकंदरा क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर सेल में शिकायत की। उन्होंने बताया कि उसके खाते से 2.50 लाख रुपये कट गए हैं। उन्होंने कोई ओटीपी और खाते की जानकारी किसी भी व्यक्ति से शेयर नहीं की है। बैंक से जानकारी लेने पर पता नहीं चला। साइबर अपराध की आशंका जाहिर की। पुलिस ने खाते का रिकॉर्ड की जांच की तो रकम ऑनलाइन गेम खिलाने वाली कंपनी के खाते में ट्रांसफर होना सामने आया। आनलाइन गेम होने की वजह से रिवार्ड प्वाइंट के लिए रकम की मांग की जाती है। बालक ने पिता के खाते की जानकारी शेयर कर दी थी। जब भी उसे रिवार्ड प्वाइंट लेने होते थे, तब ओके करना होता था। बालक को इस बात का अहसास नहीं हुआ कि पिता के खाते से लगातार रकम कट रही है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि बच्चे मोबाइल पर गेम खेल रहे हैं तो अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# भंडारे में सब्जी न देने पर बबाल

## मारपीट-पथराव में सिपाही घायल, कई हिरासत में

एनएनआई



**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र में रविवार रात भंडारे में सब्जी को लेकर बवाल हो गया। दो पक्षों के बीच पथराव से अफरा-तफरी मच गई। भंडारा खा रहे लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंचे पीआरवी के सिपाही ने रोकने का प्रयास किया। इस दौरान सिर में पत्थर लगने से एक सिपाही घायल हो गया। बाद थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया।

घटना रात तकरीबन 10 बजे की है। सीता नगर निवासी सुरेश चंद, संजय राठौर, रामदास, ओमी प्रजापति हर साल की तरह रविवार को साईं पालकी का आयोजन कर रहे थे। रविवार की सुबह 10:30 बजे पालकी निकाली गई। क्षेत्र भ्रमण के बाद मोहल्ले के चामुंडा देवी मंदिर पर पहुंची। जहां शाम 6 बजे से भंडारा शुरू हुआ। एसीपी छत्ता पियूष कांत राय ने बताया कि मंदिर के पीछे रहने वाला अंशुल सब्जी मांग रहा था। कमेटी के कान्हा और विवेक ने थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा। इस पर अंशुल और कमेटी के सदस्यों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। मारपीट होने लगी। आरोप है कि अंशुल के परिवार के लोगों ने ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पथराव के समय भंडारे में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कमेटी के गौरव दिवाकर ने 112 पर घटना की सूचना दी। पीआरवी 6144 के हेड कांस्टेबल हेमंत यादव और चालक अभय लोगों को समझाने लगे। हालांकि बवाल करने वाले नहीं माने और पथराव करते रहे। इसी दौरान एक पत्थर चालक सिपाही अभय सिंह के सिर में लग गया। वह खून से लथपथ हो गए। बाद में थाना पुलिस को जानकारी दी गई। फोर्स के पहुंचने पर बलवाई भाग निकले। घायल सिपाही को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मामले में कमेटी पदाधिकारियों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# देर रात धमाके ने फैलाई दहशत, यात्री भागे बाहर

एनएनआई



**आगरा।** रकाबगंज थाना क्षेत्र में देर रात उस समय अफरा- तफरी मच गई, जब तेज धमाके के साथ होटल में आग लग गई। यात्री कमरों से निकल कर बाहर आ गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

छीपीटोला में देर रात को होटल डीसी विलास में एयरकंडीशन का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें आसमान छूने लगीं। होटल में अफरा तफरी मच गई। लोग जान बचाने को होटल से बाहर निकल कर भागे। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की दमकलें भी पहुंच गईं। करीब 45 मिनट बाद आग पर काबू पाया गया। लोगों ने बताया कि होटल की तीसरी मंजिल पर एसी का कंप्रेशर तेज धमाके के साथ फटा। ऐसा लगा कि कोई ब्लास्ट हुआ है। इसके साथ ही एसी में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनकर होटल में रुके लोग बाहर निकल आए।

देखा तो आग की लपटें उठ रही थीं। होटल के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में होटल का सामान जलकर खाक हो गया।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 18 अगस्त, 2025


# 20 अगस्त को होगा डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि का 91वां दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता, सीएम योगी 6 सितंबर को करेंगे राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का 91वां दीक्षांत समारोह 20 अगस्त 2025 को स्वामी विवेकानंद (खंदारी) परिसर स्थित छत्रपति शिवाजी मंडपम में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सोमवार सुबह 11 बजे अंतिम रिहर्सल होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि समारोह में 117 पदक (100 स्वर्ण व 17 रजत) प्रदान किए जाएंगे। कुल 77 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें छात्राओं को 76 और छात्रों को 41 पदक मिलेंगे। सर्वाधिक 11 पदक शिखर सिंह (एमबीबीएस, एसएन मेडिकल कॉलेज) को प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त 144 शोधार्थियों को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की जाएगी। स्नातक,



परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में हजारों छात्र-छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी। समारोह में प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश, निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली मुख्य अतिथि होंगे।

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में नई 10 पुस्तकों का विमोचन, विश्वविद्यालय डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन, उत्कृष्ट तीन शिक्षकों को सम्मान और विभिन्न भवनों का शिलान्यास/लोकार्पण होगा। इनमें चंदन व योग वाटिका, आधुनिक प्रयोगशालाएं, ई-संग्रहालय, पुस्तकालयों में आरएफआईडी सुविधा और शिक्षण कक्षों का डिजिटलीकरण शामिल है। सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिए गए हैं। सभी अतिथियों और विद्यार्थियों के लिए प्रवेश केवल गेट नं. 07 से होगा तथा पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा।

# बल्केश्वर पार्क में भूमि पूजन के साथ हुई श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियां

- 22 अगस्त से राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बापू करेंगे कथा प्रवचन

एनएनआई



**आगरा।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट आगरा इकाई के तत्वावधान में बल्केश्वर पार्क में 22 से 28 अगस्त तक श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य आयोजन होगा। रविवार को कथा स्थल पर विधिविधान से भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण कार्य शुरू हुआ। भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने इसे आगरा के लिए पुण्यदायी आयोजन बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी व समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल 'पेंट वालों' ने कहा कि राष्ट्रीय संत पूज्य चिन्मयानंद बापू प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे तक कथा के लोकप्रिय प्रसंगों का मार्मिक विवेचन करेंगे। मुख्य संरक्षक डॉ. विजय किशोर बंसल ने बताया कि कथा के दौरान सामाजिक सरोकारों से जुड़े विशेष कार्यक्रम-पर्यावरण संरक्षण, मां यमुना आरती, गोमाता पूजन, हर घर तुलसी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ भी आयोजित होंगे। ट्रस्टी सुमन गोयल ने जानकारी दी कि 21 अगस्त को 2100 महिलाओं की विशाल मंगल कलश यात्रा महालक्ष्मी मंदिर बल्केश्वर से कथा स्थल तक निकाली जाएगी। भूमि पूजन अवसर पर अर्चित पंड्या, सुगंधी परिवार, पार्षद पूजा बंसल, भोलानाथ अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी विद्यालय की बदहाल स्थिति पर सफाई अभियान



एनएनआई

**आगरा।** संगठन के मासिक कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय रामपाल का पुरा, सैयां में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने किया। ग्रामीणों से जानकारी लेने पर पता चला कि विद्यालय की स्थिति बेहद जर्जर है। कई बार छत से प्लास्टर टूटकर गिरता है, बरसात में पानी टपकता है और बच्चों को बाहर बैठना पड़ता है।

विद्यालय में पीने के पानी व शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस विद्यालय को बंद कर पास के हीरोंडा गांव में मर्ज किया जा रहा है, जहां बच्चों का जाना कठिन है। जिलाध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि योगी सरकार को विद्यालय बंद करने की बजाय उनकी दशा सुधारने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का अधिकार किसी को नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्र कुमार वर्मा, हर्ष कुमार सिंह, अरुण गहलोत, आशीष कपूर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीसी अग्रवाल बने महाराजा अग्रसेन, शकुन गोयल बनीं महारानी माधवी

## अग्र मिलन समिति कर्मयोगी ने की महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरूआत

एनएनआई



**आगरा।** अग्र मिलन समिति कर्मयोगी की ओर से कमला नगर स्थित कर्मयोगी एनक्लेव में रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की भव्य शुरूआत हुई। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन और रानी माधवी के स्वरूपों की घोषणा की गई। समिति ने डीसी अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन तथा शकुन गोयल को महारानी माधवी के रूप में चयनित किया। स्वरूपों की घोषणा होते ही उपस्थित जनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और माहौल उत्साह से भर गया। समिति अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि महोत्सव की श्रृंखला 24 अगस्त से 23 सितंबर तक चलेगी। इसका शुभारंभ 24 अगस्त को रक्तदान शिविर से होगा। इसके अंतर्गत 15 सितंबर को अग्र उन्नति पत्रिका का विमोचन, 20 सितंबर को आमंत्रण यात्रा व मेहंदी समारोह, 22 सितंबर को भव्य शोभायात्रा और 23 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित होंगे। डीसी अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन परोपकार, समानता और समाजहित का संदेश देता है। इस स्वरूप को निभाना मेरे लिए सम्मान और समाज सेवा का अवसर है। वहीं शकुन गोयल ने कहा कि महारानी माधवी का स्वरूप निभाना गर्व की बात है और इससे महिलाएं सेवा-भाव एवं परंपराओं से प्रेरणा लेंगी। कार्यक्रम में संस्थापक संरक्षक सतीश चंद्र अग्रवाल, मुख्य संरक्षक डीडी सिंघल, महासचिव संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे।

# लीडर्स आगरा ने स्वास्थ्य शिविर में 54 मरीजों की जांच की

एनएनआई



**आगरा।** सामाजिक संस्था लीडर्स आगरा ने चर्च रोड स्थित हरीहर हेल्थ सेंटर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। बदलते मौसम में जुकाम, खांसी और बुखार से पीड़ित कुल 54 मरीजों का परीक्षण डॉ. अंकुर टंडन व उनकी टीम ने किया। साथ ही सभी की शुगर जांच भी निशुल्क की गई, ताकि संभावित बीमारियों की रोकथाम समय रहते हो सके। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वीटी चौहान ने किया। विशिष्ट अतिथि आयुषी गुप्ता, सोना वर्मा और मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्था के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि शिविर में लीडर्स आगरा परिवार के सदस्यों की भी जांच की गई। डॉ. अंकुर टंडन ने कहा कि युवाओं में डायबिटीज की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, इसलिए नियमित जांच जरूरी है। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सफल आयोजन में रॉबिन जैन, मनीष जैन और पैरामेडिकल टीम का विशेष सहयोग रहा।

# भारत माता की प्रतिमा पर गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर

**राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर ने की भव्य आरती, अधिवेशन में सीएम करेंगे शिरकत**

एनएनआई



**आगरा।** भारत रक्षा मंच की ओर से रविवार को दीवानी चौराहा स्थित भारत माता प्रतिमा पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संगठन के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर ने भारत माता की आरती की। इस दौरान वातावरण ह्ववंदे मातरम्ह्व और ह्वभारत माता की जयह्व के नारों से गूंज उठा। आरती के बाद संबोधित करते हुए सूर्यकांत केलकर ने कहा कि भारत माता की प्रतिमा हमारे राष्ट्रीय गौरव और अस्मिता की प्रतीक है। केवल आरती ही नहीं, बल्कि हमें राष्ट्र की रक्षा के लिए कर्म और त्याग का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोहिंग्या घुसपैठ है, जो सुरक्षा, संस्कृति और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। भारत रक्षा मंच का लक्ष्य इन्हें पूरी तरह देश से बाहर करना है। उन्होंने बताया कि मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 सितम्बर तक गुरुद्वारा गुरु का ताल में आयोजित होगा। 6 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे। अधिवेशन का उद्देश्य केवल चर्चा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में ठोस रणनीति और कार्ययोजना तैयार करना है। कार्यक्रम में संत बाबा प्रीतम सिंह, ब्रज प्रांत अध्यक्ष श्रीनिवास ठाकुर, महानगर अध्यक्ष राजीव जयराम राजू भैया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निरंकारी मिशन का 'वननेस वन', शहर में पांच स्थानों पर वृक्षारोप ।

एनएनआई



**आगरा।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'वननेस वन' परियोजना का पांचवां चरण देशभर में 600 से अधिक स्थानों पर आयोजित हुआ। इसी क्रम में आगरा में पांच स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। 'वननेस वन' अभियान के तहत मधुनगर परिषदीय विद्यालय, सुंदरानी चेरिटेबल अस्पताल, बल्केश्वर शनिदेव मंदिर पार्क, जलेसर रोड स्थित पुरा गोवर्धन ट्रांस यमुना और शास्त्रीपुरम पार्क में 200 से अधिक छायादार वृक्ष लगाए गए। दिल्ली से पधारे केंद्रीय ज्ञान प्रचारक संत सुरजीत सिंह नशीला की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी की प्रेरणा से चल रहा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण को आध्यात्मिक अनुभव में बदलता है। वृक्षारोपण केवल सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायी विरासत है। निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह पहल प्रकृति से जुड़ाव और सह-अस्तित्व की भावना को सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन आगरा संयोजक मुनीश कुमार, शाखा मुखी जयश्री करमचंदानी, अमन महेंद्रू, सोना धनवानी, जसवंत सिंह सहित सेवादल के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# दिव्य और विकसित सृष्टि के लिए गर्भ संस्कार आवश्यक

- महर्षि अरविंद की 153वीं जयंती पर श्री अरविंदो सोसाइटी ने किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** श्री अरविंदो सोसाइटी की ओर से रविवार शाम ग्रांड होटल में महर्षि अरविंद जी की 153वीं जयंती पर गर्भ संस्कार विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुनीता गर्ग ने की। उन्होंने कहा कि दिव्य और विकसित सृष्टि के निर्माण के लिए गर्भ संस्कार बेहद आवश्यक है। बदलते युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने मानव मानसिकता को चुनौती दी है, ऐसे में महर्षि अरविंदो के बताए मार्ग पर चलना और भी प्रासंगिक हो गया है। डॉ. गर्ग ने बताया कि अरविंदो जी के विचारों से प्रेरित होकर आगरा में खतैना रोड पर गभार्धान संस्कार एवं मेटरनिटी होम तथा ग्वालियर रोड पर समग्र स्वास्थ्य केंद्र एवं स्प्रिचुअल रिट्रीट विकसित किए गए हैं। कार्यक्रम में हैदराबाद से आईं डॉ. अनुराधा जैसवाल मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अरुण डंग मुख्य वक्ता थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ




के प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अशोक कुलश्रेष्ठ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आलोक कुलश्रेष्ठ ने स्वागत उद्बोधन दिया और योगिता शर्मा ने संस्था परिचय प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महर्षि अरविंद की कविताओं और आह्वान नवीन भारत को का चलचित्र प्रदर्शन किया गया। मोहित कुमार, डॉ. आंश्वना सक्सेना और पूजा तोमर ने भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विजय सिंह और डॉ. प्रवीण गर्ग को सम्मानित किया गया।

# अटलपुरम टाउनशिप के लिए जनसहायता केंद्र का उद्घाटन



एनएनआई

**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से अटलपुरम टाउनशिप भूखंड पंजीकरण के लिए जनसहायता केंद्र का उद्घाटन उपाध्यक्ष एम. अरुनमोली (आईएएस) ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बुके भेंट कर स्वागत किया। उपाध्यक्ष अरुनमोली ने बताया कि 1,515 रुपये करोड़ की अटलपुरम टाउनशिप के लिए मील का पत्थर साबित होगी। 36 साल बाद एडीए की इस टाउनशिप से ग्वालियर इनर रिंग रोड, दक्षिणी बाईपास और ग्वालियर एक्सप्रेसवे से बेहतर कनेक्टिविटी के साथ क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष विनय कामरा ने कहा कि केंद्र खुलने से ककुआ, रोहता, खेरागढ़, सेवला, सदर व अन्य क्षेत्रों के लोगों को पंजीकरण में सुविधा मिलेगी। यह केंद्र 21 अगस्त तक संचालित रहेगा। कार्यक्रम में अटलपुरम टाउनशिप की पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसमें विभिन्न भूखंड आकारों, आरक्षण प्रक्रिया और ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी दी गई। केंद्र पर 10 फीट एलईडी स्क्रीन से लगातार टाउनशिप की विशेषताओं का प्रचार किया गया। इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार के.के. बंसला, मुख्य अभियंता आर.आर.पी. सिंह, सहायक अभियंता एस.डी. पालीवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सनी रामवानी, उपाध्यक्ष चंद्रकांत गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्री गिरिराज जी सेवा मंडल के नंद उत्सव में झूमे श्रद्धालु, गूंजे जयकारे

एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित त्रिवेणी ग्रीन में श्री गिरिराज जी सेवा मंडल द्वारा नंद उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालु बाल गोपाल की झांकी और झूले दर्शन कर भावविभोर हो उठे। उत्सव का शुभारंभ मुख्य संरक्षक महंत कपिल नगर, संस्थापक नितेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल और अध्यक्ष अजय



सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर किया। नंद बाबा और यशोदा का रूप धरकर चंद्र मोहन बंसल व रेनू बंसल ने जन्मोत्सव को जीवंत बना दिया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण जन्म लीला ने वातावरण को कृष्णमय कर दिया। भक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से श्रद्धालु आनंदित हुए। जगह-जगह से उठते भजनों के स्वर ने माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। महंत कपिल नगर ने कहा कि नंद उत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि प्रभु के बाल स्वरूप के प्रति प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर महामंत्री विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल बंसल, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, अतुल गोयल, लक्ष्मण सिंघल और विकास वर्मा, आशी अग्रवाल, शिवानी सिंघल, रुचि बंसल, अनीता अग्रवाल, कविता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अग्रवाल संगठन कमला नगर की पत्रिका 'प्रेरणा' का विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** अग्रवाल संगठन कमला नगर ने रविवार को होटल सेलिब्रेशन में आयोजन कर वार्षिक पत्रिका 'प्रेरणा' का विमोचन किया और साथ ही महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के कार्यक्रमों की घोषणा की। समारोह का शुभारंभ संगठन के मार्गदर्शक सीताराम अग्रवाल, राकेश मंगल एवं मुख्य संरक्षक अतुल गर्ग ने दीप प्रज्वलन से किया। संगठन अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल एवं संरक्षक पीयूष अग्रवाल ने बताया कि ह्वप्रेरणाह्व



मात्र प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है, जिसमें 2500 अग्रवाल परिवारों की जानकारी और संगठन की गतिविधियों का विवरण शामिल है। घोषित कार्यक्रमों के अनुसार, 7 सितंबर को राजकुमारों का चयन, 14 सितंबर को महा रक्तदान शिविर (लोकहितम ब्लड बैंक), 18 सितंबर को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं ऑपरेशन पंजीकरण (सत्यप्रकाश विकल चैरिटेबल नेत्रालय, कमला नगर), 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती का समारोह और 23 सितंबर को अग्रवाल शिरोमणि सम्मान एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह (महाराजा अग्रसेन सेवा सदन, कमला नगर) आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर संरक्षकगण महेंद्र सिंघल, अनिल अग्रवाल, राकेश जैन, अशोक गर्ग, एस.एस. अग्रवाल, असित मित्तल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# राधे मिलादे मोसे मदन मुरारी..

## एक शाम बांके बिहारी भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

एनएनआई

**आगरा।** श्री महालक्ष्मी भक्तमंडल परिवार (रजि.) की ओर से कृष्ण जन्माष्टमी पर कमला नगर स्थित जनक पार्क में एक शाम बांके बिहारी जी के नाम भजन संध्या और छप्पन भोग सजाये गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक विकास मित्तल, संरक्षक आशीष सक्सेना,मोहन गर्ग और महामंत्री अतुल अग्रवाल ने बांके बिहारी जी के अलौकिक श्रृंगार और संगीत की मधुर सुरों व जयकारों के बीच ज्योति प्रज्वलित कर मंगल आरती उतार कर किया।

टी-सीरीज के प्रमुख गायक रामकुमार लक्खा ने श्याम के बिना तुम आधे राधे.., लिफाफा कान्हा का.., ए द्वारपालो मिलने दो.., राधे मिलादे मोसे मदन मुरारी.. आदि भक्ति गीत गा कर भक्ति रस बिखेरा। इससे पहले सुप्रसिद्ध गायक राजू बाबरा ने जब इंसान का बुरा वक्त आता है..,



एक दिन बोले मदन मुरारी.., और भजन गायिका कोमल शर्मा ने फूलो में सज रहे है वृन्दावन बिहारी.. वृन्दावन के ओ बांके बिहारी हमसे पर्दा करो ना मुरारी.. जैसे भजनो से भक्तो को देर रात तक जनक पार्क में रोके रखा। भजन संध्या बांके बिहारी जी के जयघोष से गूंजती रही।

संयोजक अविनाश राणा ने कहा कि जनक पार्क में भक्तो की सुविधा के लिए बिहारी जी के दर्शन को 25 फुट ऊँचा दरबार सजाया और 7 प्रवेश द्वार बनाये। श्रद्धालु वृन्दावन के बिहारी जी की दिव्य श्रृंगार छवि के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। दोपहर में गोवर्धन के दानघाटी मंदिर से आयी श्री गिर्राज जी की शिला का महाअभिषेक किया।

**25 फुट ऊँचा सजाया दरबार**

कार्यक्रम समन्वयक नीरज वर्मा ने बताया कि वृन्दावन के श्री बांके बिहारी जी मंदिर के सेवारत द्वारा हर भक्त को बिहारी जी का खजाना वितरित किया। भजन संध्या के दौरान भक्तों ने फूलो की होली और इत्र वर्षा का आनंद लिया। भजन संध्या के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रो से हजारों की तादाद में आये श्रद्धालु श्याम रसोई का आनंद लिया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर संयोजक अविनाश राणा, समन्वयक नीरज वर्मा, अतुल अग्रवाल, अमित गुप्ता, अमित अग्रवाल, मोहन गर्ग, रीतेश गुप्ता, प्रदीप गोयल,हरीश पंजवानी, विकास अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अनूप उपाध्याय, गौरव बंसल, करतार चंद्र शास्त्री, गीता वर्मा, नेहा राणा, ज्योती गुप्ता, पियूष, अंशुल, चिराग, संगीता, सपना, रीना, रेशू आदि मौजूद रहे।



## खाटूश्याम मंदिर पर हुई भजन संध्या

**आगरा** एनएनआई। लायंस क्लब आगरा फ्रेंड्स महान की ओर से श्रीकृष्ण भजन संध्या का आयोजन जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर किया गया। अध्यक्ष अतुल बंसल ने बताया कि इस्कॉन की मंडली हरे रामा हरे कृष्णा की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओ को कृष्ण भक्ति में सराबोर कर दिया। श्याम दरबार दिल्ली से आये रजनीगंधा व ऑर्चिड के फूल, बेंगलौर से आये सफेद गुलाब व बेला के फूलो और कन्नौज के सुगन्धित इत्रों से सजाया। देर रात तक चली भजन संध्या में कान्हा की भक्ति में बेसुध हो कर भक्ति में झूमते रहे। इस अवसर पर सचिव योगेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील सिंघल, राजेश जैन, बीएम. तापड़िया, नरेश अग्रवाल, अनूप मित्तल, अजय सुगन्धि, संजय मित्तल, आस्था, उमा, कीर्ति, सपना, बबली, डेजी, रेखा, सुरभि, सरिता, अदिति, अंजलि, बीना आदि मौजूद रहे।

## श्री प्रेम निधि मंदिर में मनाया नंदोत्सव



आगरा एनएनआई। आंगन नन्द के दधिकादो, छिरकत गोपी ग्वाल परस्पर प्रगटे जग में जादो इन पुष्टिमार्गीय पदों की मधुर गूंज के साथ नाई की मंडी स्थित श्री प्रेम निधि जी मंदिर में आयोजित नंदोत्सव में ठाकुर श्याम बिहारी जी का भव्य श्रृंगार और फूल बंगले की छटा दर्शनीय रही। मुख्य सेवायत हरिमोहन गोस्वामी एवं सुनीत गोस्वामी ने बताया कि नंदोत्सव भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी का उत्सव है। भजन-कीर्तन, झांकी और प्रसादी वितरण के साथ नंदोत्सव ने भक्तों को गोकुल की लीलाओं का सजीव अनुभव कराया और मंदिर का वातावरण देर रात तक कृष्णमय बना रहा। भक्तों ने अपने आराध्य को पालने में झूला झुलाकर असीम आनंद की प्राप्ति की।

## श्री खाटू श्याम मंदिर के नंद उत्सव में बिखरा उल्लास

**आगरा** एनएनआई। जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में रविवार को नंद उत्सव का आयोजन बड़े ही भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भक्ति रस और आनंद में सराबोर होकर दिनभर खाटू नरेश की सेवा और दर्शन किए।

मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। चारों ओर रंग-बिरंगे फूलों, टॉफी, चॉकलेट और गुब्बारों की साज-सज्जा ने माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। नंदोत्सव की



परंपरा के अनुरूप पूरे दिन भक्तों को टॉफी, चॉकलेट, खिलौने और उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चे और बड़े सभी आनंदित होते रहे। संध्या आरती के बाद माहौल और भी भक्तिमय हो गया। जब भजनों की स्वर लहरियां मंदिर परिसर में गूंजीं तो श्रद्धालु झूम उठे। "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न जैसे भजनों ने वातावरण को कृष्णमय कर दिया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि नंद उत्सव पर श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा को स्वर्ण मुकुट और कुंडल धारण कराए गए, वहीं रंग-बिरंगे फूलों, टॉफी और चॉकलेट से आकर्षक साज-सज्जा की गई। भक्तों ने लड्डू गोपाल को झूला झुलाकर भक्ति और प्रेम से उत्सव में भाग लिया। मंदिर सेवायत किशन पंडित जी ने बताया कि पूरे दिन मंदिर प्रांगण भक्ति, उल्लास और आनंद से सराबोर रहा। हर ओर ह्यश्याम बाबा की जयह्न के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु नंद उत्सव के पावन क्षणों का आनंद उठाते रहे।

## कन्हैया जी ने किया नगर भ्रमण



आगरा एनएनआई। नामनेर जन्माष्टमी महोत्सव में दूसरे दिन सायं कन्हैय्या जी ने समूचे नामनेर क्षेत्र का भ्रमण किया। कन्हैय्या जी घोड़े की बग्घी पर विराजमान हुए उनके साथ कुछ बाल स्वरूप कृष्ण भी विराजमान थे।उनके आगे सम्पूर्ण साज सज्जा से राजमोहन बेंड धार्मिक धुन बजा रहा था। भ्रमण का शुभारंभ विजय शिवहरे एम एल सी,डॉ राजेन्द्र बंसल, ब्रजेश पंडित,पंकज पंडित द्वारा विधिवत पूजन कर आरती उतारी गई। यात्रा का समापन मुख्य झांकी पर हुआ सभी भक्तों को फल एवं ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया।यात्रा में ब्रजेश पंडित,राजेश अग्रवाल,रघु पंडित,दीप बघेल,मोंटी भाई,अनूप वर्मा,बलबीर चंदेल,धर्मेंद्र चौधरी,सचिन राजपूत,रंजीत सिंह,पवन शर्मा,आदि उपस्तिथ रहे।

# श्रीजगन्नाथ मंदिर बना गोकुल धाम

## दही हांडी प्रतियोगिता संग हरे कृष्णा... संकीर्तन पर झूमे भक्त

एनएनआई

**आगरा।** कन्हैया के जन्म का उल्लास और हरे कृष्णा... संकीर्तन पर भक्ति में झूमते गाते श्रद्धालु। मानों कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन मंदिर) आज कन्हैया का गोकुल बन गया। जहां हर तरफ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां बिखरीं थी। जगमग रोशनी, फूलों से सजा मंदिर परिसर। परम्परागत परिधानों में सज संवरकर नन्दोत्सव में हरे राम हरे कृष्णा के कीर्तन पर झूमते नाचते सैकड़ों श्रद्धालु। तो कहीं दही हांडी प्रतियोगिता का आनंद में डूबे भक्त। रंग बिरंगे गुलाब पुष्पों के साथ जूट की नक्काशी कर आज श्रीजगन्नाथ जी का मंदिर सजाया गया। इस अवसर पर एकल व संयुक्त दही हांडी प्रतियोगिता



का भी आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों से लेकर बच्चों ने उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया।

15 फुट ऊंचाई पर लटकी दही हांडी और नीचे आंखों पर पट्टी बांध कर हाथ में डंडा लेकर उसे तोड़ने का प्रयास करते भक्त। कोई मित्र उन्हें भटकाता तो कोई सही दिशा दिखाता। नन्दोत्सव के इस अवसर पर मस्ती और मनोरंजन के माहौल में कुछ भक्त हांडी तोड़ने में सफल रहे तो कुछ असफल। परन्तु सभी के चेहरे पर मुस्कान थी। संध्या काल में नन्दोत्सव की धूम थी। हरे राम हरे कृष्णा... कीर्तन पर भक्तो बुजुर्ग व बच्चों ने एकल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर उन्हें 15 फुट ऊपर लटकी दही हांडी को तीन बार के प्रयास से डंडे से तोड़ना था। वहीं युवा श्रद्धालुओं ने पिरामिड बनाकर दही हांडी तोड़ने की प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रातः इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अरविंद स्वरूप ने श्रील प्रभुपाद 127वां पूजा महोत्सव में प्रभुपाद जी का अभिषेक किया। भक्तों द्वारा बनाए गए लगभग 250 व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशु मित्तल, संजीव, शैलेन्द्र अग्रवाल, कान्ता प्रसाद, सुशील अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय कुकरैजा, राजेश उपाध्याय, ओमप्रकाश अग्रवाल, अदिति गौरांगी, शैलेश, शाश्वत ननंदलाल आदि उपस्थित थे।

## भजन संगीतिक संध्या में किया मंत्रमुग्ध

**आगरा** एनएनआई। माधुर्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था के तद्धावधान में जन्माष्टमी के मंगल पर्व पर संस्था के कार्यालय पर भजन संगीतिक संध्या का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल की पत्नी मधु बघेल रही। संस्था अध्यक्ष प्रसिद्ध गायिका निशिराज की इतने सुंदर कार्यक्रम के आयोजन के लिए उनकी अनुशंसा की। माधुर्य के संरक्षक डॉक्टर राजेंद्र मिलन के साथ केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रोफेसर उमापति दीक्षित, संजय गुप्त, डॉक्टर राजीव निस्पृह,महेश गोपाली,मधु भारद्वाज , रमा वर्मा, बबीता पाठक,सुधा वर्मा,शीला बहल,अंजू दिलानी, मनिंदर कौर, गिरधारीलाल , नन्द नंदन गर्ग,श्रीमती बत्रा,अनिल जैन,पार्षद भरत शर्मा,दुर्गेश पांडे, हरवीर परमार,नागेश शुक्ला, अतुल दक्ष,किरण तनेजा,वीरा सक्सेना,गिरजा, अर्जुन रौतेला आदि की महती उपस्थिति रही।

# जानवर हमसे करें पुकार, बंद करो अत्याचार

- पशु प्रेमियों ने पैदल मार्च निकाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश की निंदा की
- राजा मंडी से भगवान टॉकीज तक हाथों में तख्ती लेकर निकाला मार्च
- पशुओं के अधिकार, गरिमा और रक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी: विनीता



**आगरा एनएनआई।** एनिमल फीडर ग्रुप विनी वॉइस वॉइसलेस द्वारा दिल्ली स्ट्रे डॉग्स को पाउंड में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध रविवार शाम राजा मंडी चौराहे से भगवान टॉकीज चौराहे तक पैदल मार्च किया गया। इस दौरान शहर के सैकड़ों एनिमल फीडर्स हाथों में हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश की निंदा करते हैं, डॉग पाउंड, लाइफ एंड जैसे नारे लिखीं तख्तियां और पोस्टर लेकर चल रहे थे।. इस दौरान पशु क्रूरता बंद करो, काला कानून वापस लो, वी वांट जस्टिस, आवारा नहीं हमारा है, जानवर हमसे करें पुकार,. बंद करो ये अत्याचार. जैसे नारों एमजी रोड पर गुंजायमान रहे थे। रैली में पीपल फॉर एनिमल्स दयालबाग की डॉ.सुरत प्रसाद ने सहभागिता कर पशुओं के प्रति प्रेम और करुणा के साथ बर्ताव करने का संदेश दिया।

पेटा इंडिया और पीएफए आगरा की सदस्य विनीता शर्मा ने कहाकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश और पशु क्रूरता के खिलाफ सड़कों पर प्रदेश में यह पहला विरोध प्रदर्शन है। श्वानों के साथ क्रूरता, मारपीट और मानवीय व्यवहार बंद होना चाहिए। पशुओं के अधिकार, गरिमा और जीवन की रक्षा करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान नीलम चतुर्वेदी और डॉ.रजनी भारती सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## स्ट्रे डॉग्स के कानूनी अधिकार

स्थायी क्षेत्राधिकारः प्रत्येक स्ट्रे डॉग को अपने पकड़े जाने वाले क्षेत्र में ही नसबंदी और टीकाकरण के बाद वापस छोड़ने का अधिकार है।

अवैध रिलोकेशन पर रोकः किसी भी परिस्थिति में स्ट्रे डॉग्स को उनके मूल क्षेत्र से स्थायी रूप से हटाना अवैध है। सिवाय उनके जीवन को खतरा होने की स्थिति में।

मानवीय व्यवहारः किसी भी एबीसी प्रक्रिया या पकड़ने के दौरान श्वानों के साथ क्रूरता, मारपीट या अमानवीय व्यवहार कानूनन दंडनीय है।

पीआसी अनिवार्यताः किसी भी नगर निकाय या एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे एबीसी केंद्र के पास प्रोजेक्ट रिकोगनाइज्ड सर्टिफिकेट होना आवश्यक है।

स्वास्थ्य और देखभालः पकड़े गए सभी श्वानों को एबीसी प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त भोजन, पानी, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षित वातावरण देने का अधिकार है।

### पांच किलोमीटर दूर मतदान केंद्र , युवा ही पहुंचते हैं मतदान करने

# दूर केंद्र होने पर मतदान नहीं कर पाते हैं बुजुर्ग, दिव्यांग

एनएनआई



**पिनाहट।** गांव से पांच किलोमीटर दूर मतदान केंद्र पूरी ग्राम पंचायत हाइवे के इस पार और एक गांव उस पार जहां से बड़े बुजुर्गों को मतदान करने के लिए असमर्थता होने पर वे मतदान करने ही नहीं पहुंच पाते। गांव के बगल की ग्राम पंचायत महज एक किलोमीटर दूर फिर भी दूसरी ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है।

ब्लाक की ग्राम पंचायत कांकर खेड़ा का एक गांव उनसठ जिसकी आबादी करीब 700 है। जिसमें कुल मतदाता करीब 480 है। जिनमें 200 महिलाएं और 280 पुरुष मतदाता हैं। किन्तु इन सबको मतदान के लिए गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर हाइवे और रेलवे लाइन पार करके जाना पड़ता है। इस कारण हर चुनाव में कुछ ही लोग मतदान में भाग ले पाते हैं। गांव के ग्रामीण बताते हैं। कि बड़े बुजुर्गों इतनी दूर मतदान करने नहीं पहुंच पाते हैं। यहां की रहने वाली हरिप्यारी देवी ने बताया कि वे कभी भी मतदान करने नहीं गयी। क्योंकि इतनी दूर कोन जाए। बुजुर्ग पातीराम उम्र करीब 100 वर्ष ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक एक भी बार मतदान नहीं कर पाया। रामभरोसी कहते ही बगल में महज एक किलोमीटर की दूरी पर दूसरी ग्राम पंचायत हुसैनपुरा है। जबकि हमारे गांव को सड़क के उस पार की ग्राम पंचायत से जोड़ दिया गया है।बगल मे ग्राम पंचायत से हमारा गांव जोड़ने पर अधिक दूरी ना जाना पड़ेगा क्यों की मतदान के समय दूरी होने पर ज्यादातर मतदान से बंचित रह जाते है। पूर्व मे भी कही बार माग की है। नजदीकी ग्राम पंचायत मे हमारे गांव को जोड़ा जाए अगली बार हमारे गांव को बगल गांव मे प्रधानी के चुनाव मे जोड़ा जाए अन्यथा चुनाव का बहिष्कार करेगा पूरा गांव।



## बाढ़ प्रभावित गांवों के कच्चे रास्तों की मरम्मत की उठी मांग



**बाह एनएनआई।** चंबल की बाढ़ में डूबने से कच्चे रास्ते क्षतिग्रस्त हो गये हैं। आलम ये है कि हल्की बारिश होते ही रास्तों में जमा सिल्ट पर दलदल फिसलन के हालात पैदा हो जाते हैं। मऊ की मढैय्या, गुढ़ा, झरनापुरा, पुरा डाल, कछियारा के रास्ते भले ही खुल गये हैं, लेकिन बाढ़ का पानी भरने से क्षतिग्रस्त हुए रास्तों पर सफर अभी भी आसान नहीं है। गांव गांव से कच्चे रास्तों के मरम्मत की मांग उठने लगी है। झरनापुरा की पुलिया कट गई है। रास्ते में कीचड़ और पानी भरा होने की बजह से गांव के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गुढ़ा गांव में भी बाढ़ का पानी निकलने से खादर के रास्ते पर कटान हो गया है। जिसकी मरम्मत की मांग उठने लगी है।



## सड़क निर्माण से बच्चों को मिलेगी राहत

**आगरा एनएनआई।** हरीपर्वत स्थित क्वीन विक्टोरिया गर्ल्स इंटर कॉलेज को जाने वाली सड़क वर्षों से क्षतिग्रस्त थी और काफी जल भराव होता था जिसकी वजह से स्कूल जाने वाले बच्चियों को काफी परेशानी होती थी। इसको संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कराकर स्कूल आने जाने वाली बच्चों और अभिभावको की समस्या का कराया। इस अवसर पर राजेश कुमार प्रजापति अध्यक्ष केशव मंडल, पार्षद मंजू प्रजापति उपस्थित रहे।

# लोगों के लिए कारगर हो रहीं दवा इंडिया की जेनेरिक दवाएं

एनएनआई



**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के करोड़ों देशवासियों को जेनेरिक दवाओं को इस्तेमाल कर अपना मासिक खर्च कम करने की सलाह से लाभ लेने का जो व्रत लिया है उसी में सहयोग करने के भाव से दवा इंडिया जेनेरिक दवाइयां की दुकान का शुभारंभ शास्त्रीपुरम में आज ग्रुप कैप्टेन कुंवर जयपाल सिंह चौहान, दर्शन लाल अरोड़ा (रिटायर्ड एजीएम एसबीआई) और श्री युवा उद्यमी रोमित कपूर,समाजसेवी रोहित कत्याल आदि ने किया।

ग्रुप कैप्टेन चौहान ने कहा कि उसी साल्ट की सस्ती दवाई से गरीब परिवारों के साथ साथ मध्यम वर्गीय परिवार,सभी वर्ग के लोग भी चिकित्सीय उपचार में लाभ ले सकते है।दीप प्रज्जवलित कर डी एल अरोरा जी एव रोमित कपूर ने भी इस अभियान की सराहना की। रोहित कत्याल ने कहा कि इन दवाओं से डायबिटीज,हृदय रोग,हाइपरटेंशन ,थायराइड आदि रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली नियमित दवाओं का खर्च 80 प्रतिशत तक कम हो जाता है,साथ ही यह कारगर भी है। संचालक संजीव कपूर ने आगामी वर्षों में आम जनता के लिए उत्तम एव कम मूल्यों पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने की योजना पर भी विचार व्यक्त किए उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दर्शन मालिक , डॉक्टर रजत कपूर,राहुल मलिक, मीनाक्षी कपूर,निर्मल मलिक,मुक्ता कत्याल, रंजना मगन, मोनिका ओबराय,अंजली कपूर,सुशील यादव, विश्वनाथ जुनेजा,समर सिंह,वरुण ग्रोवर,राहुल शर्मा,पुनीत ग्रोवर, मनीष मगन, सौरभ कालरा,रवि शर्मा, कुश मलिक, करन कपूर, उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन इंडिया में अस्थायी एकजुटता

विपक्षी गठबंधन इंडिया के ब्लॉक के अस्तित्व पर कई नेता सवाल उठा चुके हैं और कह चुके हैं कि इसका गठन लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किया गया था। यानी लोकसभा चुनाव 2024 खत्म तो इसका अस्तित्व भी खत्म! संसद सत्र में जो एकजुटता दिख रही है वह भी सिर्फ मानसून सत्र के लिए है और उसे दीर्घकालिक एकजुटता नहीं समझना चाहिए। वास्तविकता यह है कि विपक्षी गठबंधन यानी इंडिया ब्लॉक का अब वैसे ही अस्तित्व नहीं है, जैसे यूपीए का नहीं रहा। ध्यान रहे 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद यूपीए का गठन हुआ था। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे और सोनिया गांधी यूपीए की चेयरपर्सन बनी थीं। यह गठबंधन 2014 के लोकसभा चुनाव तक बना रहा। लेकिन 2014 का चुनाव हारने के बाद यह समाप्त हो गया। हैरानी की बात है कि 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय बना एनडीए आज तक चल रहा है। कई बार चुनाव हारने के बाद भी एनडीए बना रहा लेकिन एक बार चुनाव हारते ही यूपीए समाप्त हो गया। वैसे ही 2024 के चुनाव से पहले इंडिया का गठन हुआ और चुनाव नतीजों के बाद धीरे धीरे इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। अभी निकट भविष्य में इसके रिवाइवल की संभावना नहीं दिख रही है। फिर कभी विपक्षी गठबंधन फिर बना तो हो सकता है कि उसका नाम कुछ और हो।वैसे भी राज्यों में इंडिया ब्लॉक नाम से कोई गठबंधन नहीं है। महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन को महाविकास अघाड़ी कहते हैं, जिसका नेतृत्व किस पार्टी के हाथ में है यह किसी को पता नहीं है। बिहार में इसे महागठबंधन कहते हैं, जिसका नेतृत्व राजद के हाथ में है। बिहार के पड़ोसी झारखंड में भी इसे महागठबंधन कहते हैं, जिसका नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथ में है। तमिलनाडु में इसका नाम सेकुलर प्रोग्रेसिव एलायंस है, जिसकी कमान एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके संभालती है। केरल में भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी ताकत नहीं है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व में एक गठबंधन है, जिसका नाम यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीएफ है। इसकी लड़ाई सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट से होती है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी साथ मिल कर इंडिया ब्लॉक के बैनर तले लोकसभा का चुनाव लड़े थे। विधानसभा चुनाव में इनका गठबंधन कैसे बनता है यह देखने वाली बात होगी। यह बहुत दिलचस्प बात है कि केरल को छोड़ कर जिस प्रदेश में कांग्रेस मजबूत है वहां कोई प्रादेशिक गठबंधन नहीं है। कर्नाटक से लेकर तेलंगाना और मध्य प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और गुजरात से लेकर राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में कांग्रेस अपने भरोसे है।बहरहाल, लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष का गठबंधन कोई परफेक्ट नहीं था। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने कोई तालमेल नहीं किया था। विपक्षी गठबंधन की पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं तो केरल में कांग्रेस और सीपीएम के नेतृत्व वाले गठबंधन में कोई तालमेल नहीं हुआ था। यह एक टैक्टिकल पोजिशन थी, जो पार्टियों ने राज्यों की राजनीतिक वास्तविकता को ध्यान में रख कर चुनी थी। लोकसभा चुनाव के बाद इस टैक्टिकल पोजिशन में भी बिखराव हुआ है और स्ट्रैटिजिकल पोजिशन भी पहले वाली नहीं है। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ी आम आदमी पार्टी अब गठबंधन से अलग हो गई है।विधानसभा चुनाव के लिए ममता बनर्जी साथ नहीं आ रही हैं तो केरल में भी यूडीएफ और एलडीएफ को एक दूसरे के खिलाफ ही लड़ना है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में साथ रही उद्धव ठाकरे की शिव सेना के बारे में पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि वह स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस के साथ है। उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से हाथ मिला लिया है तो वैसे भी कांग्रेस के लिए स्पेस कम हो गया है। ऐसा लग रहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय का चुनाव इंडिया ब्लॉक की पार्टियां अलग अलग लड़ेंगी। संसद सत्र के दौरान सदन में बाहर भी मौजूदा एकजुटता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर है। विपक्षी पार्टियां इस मसले पर एकजुट हैं।उन्होंने अरसे बाद सड़क पर उतर कर ताकत दिखाई, जब विपक्षी सांसदों ने निर्वाचन सदन की ओर मार्च किया। उनको लग रहा है कि मतदाता सूची में होने वाला बदलाव उनको स्थायी रूप से सत्ता से दूर कर सकता है। इसलिए सभी पार्टियां साथ आ गई हैं।मतदाता सूची, ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया में दूसरी कथित गड़बड़ियों के नाम पर चुनाव आयोग से लड़ने में सभी पार्टियां साथ हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनमें कोई चुनावी तालमेल होने जा रहा है। चुनावी तालमेल उन्हीं राज्यों में होगा, जहां पहले से है। बिहार में इस साल महागठबंधन साथ में चुनाव लड़ेगा तो अगले तमिलनाडु में भी विपक्षी गठबंधन एक होकर लड़ेगा। लेकिन इसके अलावा पश्चिम बंगाल, असम और केरल में इंडिया ब्लॉक की पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। विपक्षी एकजुटता तो तब मानी जाएगी, जब पश्चिम बंगाल और असम में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट के बीच और केरल में यूडीएफ व एलडीएफ के बीच कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष गठबंधन बने। इसकी संभावना नहीं दिख रही है। यानी यथास्थिति बनी रहेगी।

### अग्रवाल संगठन रामबाग के नन्दोत्सव में कान्हा की बांसुरी पर खूब नाची राधा

# आज राधा को श्याम याद आ गया

एनएनआई



**आगरा।** मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया..., बंसी बागेजी राधा नाचेगी..., छोटी छोटी गैय्या छोटे छोटे ग्वाल..., जैसे भक्तिमय गीतों के बीच नृत्य और उत्साह के भी रंग बिखरे थे। अग्रवाल संगठन रामबाग द्वारा आज भक्ति भाव के साथ वॉटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। जहां भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता के साथ जनकपुरी महोत्सव में महाराजा अग्रसेन जयन्ती के लिए चुने गे महाराजा अग्रसेन व रानी माधवी के स्वरूप रामस्वरूप अग्रवाल व लीलावती को पटका व माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रामप्रकाश अग्रवाल व नितेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संगीता अग्रवाल ने विद्या दायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामप्रताप चौहान का माला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष निशा सिंघल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवा को अपनी जड़ों व सनातन से जोड़े रखने के लिए सामूहिक रूप से इस तरह के आयोजन होना बहुत आवश्यक है। मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल ने श्रीकृष्ण को सबसे बड़ा प्रेरक बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना धर्म के मार्ग पर ही चलकर की। इसके उपरान्त मटकी सज्जा, राधा-कृष्ण नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिता में संगठन की महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार सभी उपहार प्रदान किए गए। व्यवस्थें राजेश अग्रवाल ने सम्भाली। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेहा, कृष्णा, प्रियंका, अदिति, पूजा, श्वेता, कीर्ति, हिमानी, शालू, शैफाली, सुनीता, जूली, रिंकी, श्रद्धा, गुंजन, पिंकी, पुष्पा, पूनम, प्रेमलता, रेनू उपस्थित रहे।

## राधाकृष्ण के रूप मे सजे बच्चों की अटखेलियो ने मोहा मन




**आगरा एनएनआई।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से मधु रिसॉर्ट में राधा कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि बच्चों ने मंच पर अटखेलिया करते हुए सबका मन मोह लिया। हिंडोला सज्जा प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ हिंडोलों सजाने वाले परिवारों को सम्मानित किया। मंच पर वृंदावन की मंडली ने मंच पर राधा कृष्ण की प्रस्तुति दी। सचिव अंकित मित्तल ने बताया कि वक्ता ब्रजेश वर्मा ने एआई युग में अपस्किल डवलप करना और कार्यालय से परे अपने जीवन में सफल सामंजस्य स्थापित करने की कुंजी के बारे में बताया। कार्यक्रम में शेषनाग की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन सीए साक्षी जैन ने किया । निर्णायक के रूप में अंशु अग्रवाल और विनय मेदान्तवाल रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सौरभ नारायण सक्सेना, सचिन बुबना,राजीव बंसल, संजीव जैन, कृष्ण मुरारी, भूपेन्द्र खण्डेवाल, आलोक मित्तल, प्रेरणा बंसल, आलोक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया



**आगरा एनएनआई।** अखिलेश्वर महादेव मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। अध्यक्ष राज कुमार बघेल के साथ पूरी टीम के सराहनीय कार्य करने पर क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की,दो दिन मंदिर परिसर में मेला लगाया गया, बाबा बफार्नी, श्री कृष्ण झांकी,माता वैष्णो देवी झांकी आदि का विशेष आकर्षण रहा। समाज सेवी मनोज नौतनानी ने बताया नवनिर्वाचित मंदिर कमेटी वास्तव कड़ी मेहनत लगन से धार्मिक कार्यक्रम को सफल किया है, समाजसेवी रजनीश दुबे ने कुशल संचालन किया। पुनीत चंदानी ने सभी का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

## भगवान श्रीकृष्ण शोभायात्रा समिति ने निकाली विशाल शोभायात्रा

एनएनआई

**आगरा।** भगवान श्रीकृष्ण शोभायात्रा समिति की शोभायात्रा का शुभारंभ महर्षि परशुराम मन्दिर सौ फुटा रोड़ इन्द्रा पुरम शमसाबाद रोड़ से हरी झण्डी दिखाकर और बरिष्ट जनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शोभायात्रा कार्यक्रम अध्यक्ष नाहर सिंह यादव तथा संस्थापक अध्यक्ष चरण सिंह पहलवान रहे।

शोभायात्रा सौ फुटा रोड से प्रारंभ होकर राजेश्वर मंदिर होते हुए बरौली अहीर जयपुरिया कॉलोनी अंशल टॉउन, बगदा, लकावली होते हुए कलाल खेरिया , तमाम कुआखेड़ा, घड़ी नवलिया,महुखेड़ा तमाम गाँवो में जगह जगह पर शोभायात्रा का स्वागत सम्मान व पुष्प वर्षा किया गया। शोभायात्रा में निकाली गई अलौकिक झांकियों का श्रीकृष्ण भक्तों ने आरती उतारी भजन पूजन कीर्तन भगवान का चरण वंदन किया। शोभायात्रा कमेटी के सदस्य राजपाल यादव, चरण सिंह पहलवान, नाहर सिंह यादव,जेपी यादव, विवेक यादव, सोमवीर यादव, बहादुर सिंह प्रधान, देवेन्द्र यादव, कमलेश शास्त्री, श्याम पहलवान, राजकुमार यादव, खजान सिंह, रंजू यादव, भूप सिंह, सत्यप्रकाश पहलवान,पिन्टू यादव, श्रीनिवास यादव, हरिओम यादव कमलजीत, अमित आदि मौजूद रहे।



newsnextindia1@gmail.com
NNi हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# डॉग लवर्स पर भड़के राम गोपाल वर्मा

**कहां थे जब दिन दहाड़े आवारा कुत्तों ने 4 साल के बच्चे को मार डाला**


फेमस फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा न सिर्फ अपनी फिल्मों के लिए बल्कि अपने बेबाक बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। राम गोपाल वर्मा को अक्सर किसी न किसी मुद्दे पर अपनी राय रखते देखा जाता है। अब हाल ही में आए स्ट्रीट डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी रिएक्ट किया है। एक तरफ जहां दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजने के फैसले से नाखुश हैं। सड़कों पर तो विरोध प्रदर्शन हुए ही, सोशल मीडिया पर भी यह चर्चा का विषय बन गया। वहीं, दूसरी तरफ कईयों को ये फैसला पूरी तरह से सही लगा। यही नहीं, सेलेब्स ने कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जताई। उन्हीं लोगों पर फिल्ममेकर ने निशाना साधा है।



डॉग लवर्स पर कसा तंज राम गोपाल वर्मा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया है, जो काफी सुर्खियों में बना हुआ है। राम गोपाल ने अपने ट्वीट में डॉग लवर्स पर तंज कसते हुए लिखा, 'हे डॉग लवर्स, आप सभी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर कुत्तों के साथ हो रहे अन्याय पर जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं,लेकिन तब कहां थे जब चार साल की एक बच्ची को सड़क पर दिनदहाड़े बेरहमी से मार दिया गया था। इसी तरह हर साल हजारों लोगों पर हमले होते हैं। तब आपका प्यार कहां था? क्या ये सिर्फ दया उन लोगों के लिए रिजर्व है, जिनकी दुम हिलती है? जबकि मरे हुए बच्चों की गिनती नहीं होती है। और हां कुत्तों से प्यार करने में कोई बुराई नहीं है। मैं भी उन्हें प्यार करता हूं। लेकिन अपने घरों में, अपने आलीशान बंगलों में, अपने सजे-धजे लॉन में अपने कुत्तों से प्यार करें।' राम गोपाल ने आवारा कुत्तों के लिए बोलने वालों पर निशाना साधा राम गोपाल वर्मा ने अपने ट्वीट में आगे लिखा, 'अपने लैब्राडोर, हस्की और अपने हायर-ब्रीड वाले पालतू जानवरों से प्यार करें, जिन्हें खरीदा है। और जिसकी देखभाल के लिए आपने वर्कर्स रखे हैं। सच्चाई तो ये है कि कुत्तों का आतंक, आपके आलीशान बंगले में नहीं है। सड़कों और झुग्गी-झोपड़ियों में है। ये आतंक उन गलियों में नजर आता है, जहां गरीब रहते हैं। जहां बच्चे नंगे पैर खेलते हैं। जहां कोई गेट नहीं है उनको प्रोटेक्ट करने के लिए। जबकि प्रिविलेज्ड लोग अपने पालतू जानवरों पर प्यार लुटाते हैं। और जिनके पास पावर नहीं होती, उन्हें घायलों की देखभाल के लिए छोड़ दिया जाता है।' कुत्तों से प्यार करते हैं, तो उन्हें गोद लें राम गोपाल ने आगे कहा, 'आप कुत्तों के अधिकारों की बात करते हैं,ठीक है, लेकिन बच्चे के अधिकारों का क्या? जीने का अधिकार। उसके माता-पिता का उसे बड़ा होते देखने का अधिकार। क्या ये अधिकार इसलिए खत्म हो जाते हैं, क्योंकि आप कुत्तों से प्यार करते हैं? क्या ये अधिकार आपके इंस्टाग्राम पर अपने पालतू जानवरों को दुलारते हुए ली गई तस्वीरों से कम मायने रखते हैं? यही वो सच्चाई है, जिसे आप सुनना नहीं चाहते। अगर आप सचमुच कुत्तों से प्यार करते हैं, तो उन्हें गोद लें, उन्हें खाना खिलाएं और अपने सुरक्षित घरों में उनकी रक्षा करें। या सरकार पर समाधान निकालने के लिए दबाव डालें। लेकिन अपने प्यार का बोझ सड़कों पर न डालें, जहां यह किसी और के बच्चे की मौत में बदल जाए। गरीबों को अमीरों की भावुकता की कीमत अपने खून से नहीं चुकानी चाहिए। और इस सच्चाई को समझें कि जो समाज एक आवारा कुत्ते की जान को एक बच्चे की जान से ज्यादा महत्व देता है, वह पहले ही अपनी मानवता खो चुका है।'

# रजनीकांत की 'कुली' बनी तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

इस स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज हुई रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। बॉलीवुड की बड़ी बजट फिल्म 'वॉर 2' के क्लैश के बावजूद, 'कुली' ने पहले ही वीकेंड में अपने बजट का लगभग पूरा पैसा कमा लिया। 14 अगस्त को रिलीज होने के बाद, फिल्म ने सिर्फ 2 दिन में 100 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वीकेंड के आखिरी दिन तक फिल्म ने 200 करोड़ के करीब कमाई कर ली है। आमिर खान, नागार्जुन और उपेंद्र जैसे स्टार्स के बीच इस फिल्म ने कमाल कर दिखाया। आइए जानते हैं 'कुली' की बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सफलता।



रजनीकांत की यह एक्शन फिल्म पहले दिन 65 करोड़ रुपये कमाकर साल की सबसे बड़ी ओपनिंग देने वाली इंडियन फिल्म बन गई। दूसरे दिन इसका कलेक्शन 54.75 करोड़ और तीसरे दिन 39.5 करोड़ रुपये रहा। चौथे दिन यानी 10:15 बजे तक फिल्म ने 30.84 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर कुल 190.09 करोड़ रुपये बटोरे। यह आंकड़े फाइनल नहीं हैं और इनमें बदलाव संभव है। फिल्म का बजट 375 करोड़ रुपये बताया गया है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने सैक्निल्क के अनुसार वर्ल्डवाइड 3 दिनों में 320 करोड़ रुपये कमाए। आज का घरेलू कलेक्शन जोड़ते ही फिल्म ने अपने बजट का लगभग 90% कमा लिया है।

# 'शोले' में अंग्रेजों के जमाने के जेलर बनने के लिए असरानी ने कैसे ली थी हिटलर से प्रेरणा?

**एक्टर असरानी**

अटेंशन! हमने कहा अटेंशन! कैदियों! कान खोलकर सुन लो, हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं... ये डायलॉग फि ल्म शोले के उन डायलॉग्स में से एक है, जिसे आज भी बेहद पसंद किया जाता है। सिर्फ.ये डायलॉग ही नहीं, बल्कि इस फि ल्म में 'अंग्रेजों के जमाने के जेलर' का किरदार निभाने वाले असरानी को भी दर्शक बहुत पसंद करते हैं। असरानी या गोवर्धन कुमार असरानी, जो तमाम फि ल्मों में तरह-तरह के किरदार निभा चुके हैं और कई फि ल्में डायरेक्ट भी कर चुके हैं। राजस्थान के जयपुर में पले-बढ़े असरानी ने फि ल्मी दुनिया का सफर कैसे शुरू किया? एक्टिंग और कॉमेडी की उनकी समझ क्या है? इन सवालों सहित अपनी ज़िंदगी के कई अहम पलों को असरानी की खास पेशकश 'कहानी ज़िंदगी की' में इरफान के साथ साझा किया।


असरानी बताते हैं कि उनके पिता जयपुर में कार्पेट कंपनी के मैनेजर थे। असरानी की पैदाइश से लेकर स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई जयपुर में हुई। असरानी ने मैट्रिक पास करने के बाद ही फि ल्मों में जाने का मन बना लिया था। हालांकि, तब कोशिश करने के बाद भी उनके फि ल्मी सफर की शुरूआत नहीं हो सकी थी। इसके बाद उन्होंने तय किया कि वो कॉलेज की पढ़ाई पूरी करके पुणे के फि ल्म इंस्टीट्यूट में एक्टिंग सीखेंगे। उन्होंने दो-तीन साल आकाशवाणी, जयपुर में भी काम किया। इसके बाद उन्होंने पुणे के फि ल्म इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया और इस तरह उनकी एक्टिंग की पढ़ाई शुरू हुई।

पुणे के फि ल्म इंस्टीट्यूट में असरानी को मशहूर एक्टिंग टीचर रोशन तनेजा ने पढ़ाया। असरानी कहते हैं कि रोशन तनेजा से मुलाकात होने के बाद एक्टिंग को लेकर उनकी तमाम गलतफहमियां दूर होती गईं। वो कहते हैं, फि ल्म इंस्टीट्यूट पहुंचने के बाद पता चला कि एक्टिंग के पीछे मेथड होते हैं। ये प्रोफेशन किसी साइंस की तरह है। आपको लैब में जाना पड़ेगा, एक्सपेरिमेंट्स करने पड़ेंगे। असरानी कहते हैं कि उन्हें समझ आया कि एक्टिंग में आउटर मेक-अप के अलावा इनर मेक-अप भी बहुत जरूरी है। असरानी एक्टिंग में एक्टर मोतीलाल से मिले एक सबक का भी ज़िक्र करते हैं। वो बताते हैं, एक बार एक्टर मोतीलाल गेस्ट के तौर पर पुणे के फिल्म इंस्टीट्यूट आए थे। मेरी एक्टिंग की छोटी सी एक्सरसाइज देखकर उन्होंने मुझसे पूछा, तुम राजेंद्र कुमार की फिल्में बहुत देखते हो। उनकी कॉपी कर रहे हो। हमें फिल्मों में कॉपी नहीं चाहिए।

असरानी कहते हैं, ये बहुत बड़ा सबक था। मोतीलाल के कहने का मतलब था कि तुम्हारे अंदर जो टैलेंट है, उसे बाहर निकालो।

असरानी बताते हैं कि पुणे के फिल्म इंस्टीट्यूट में एडिटिंग सिखाने के लिए डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी आते थे। एक दिन उन्होंने ऋषिकेश मुखर्जी से अपने लिए चांस मांगा था। हालांकि, उस दिन कोई बात आगे नहीं बढ़ी थी। कुछ दिनों बाद ऋषिकेश मुखर्जी 'गुड्डी' फिल्म में गुड्डी के रोल के लिए एक लड़की की तलाश में फि ल्म इंस्टीट्यूट आए। ऋषिकेश मुखर्जी ने असरानी से जया भादुरी के बारे में पूछा और उन्हें बुलाने के लिए कहा, जो वहीं पढ़ती थीं। ऋषिकेश मुखर्जी के साथ उनकी टीम आई थी, जिनमें राइटर गुलजार भी थे। असरानी बताते हैं कि ऋषिकेश मुखर्जी जया भादुरी से बात करते-करते आगे बढ़ गए, तो उन्होंने गुलजार से अपने लिए छोटे-मोटे रोल की बात की।

गुलजार ने उन्हें गुड्डी फि ल्म में ही एक छोटे से रोल के बारे में बताया। इसके बाद असरानी ने ऋषिकेश मुखर्जी से वही रोल मांगा और आखिरकार बाद में उन्हें वो रोल मिल गया। गुड्डी में छोटे से रोल का असरानी को फायदा मिला। वो कहते हैं, फि ल्म हिट हो गई। तब मनोज कुमार की नजर मुझ पर पड़ गई। उनको लगा कि इसको भी ले सकते हैं, ऐसे करते-करते चार-पांच फि ल्में मिल गईं और यहां से मेरा करियर शुरू हुआ। फि ल्म शोले में अंग्रेजों के जमाने के जेलर का किरदार बहुत हिट हुआ, इसे निभाने वाले असरानी कहते हैं कि इस रोल के लिए उन्हें हिटलर की मिसाल दी गई थी। वो बताते हैं कि राइटर सलीम-जावेद (सलीम खान और जावेद अख़्तर) और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर रमेश सिप्पी ने उन्हें एक दिन मिलने के लिए बुलाया था। तब उन्हें शोले फि ल्म या जेलर के किरदार के बारे में कुछ नहीं पता था। उन्हें बताया गया कि एक जेलर का किरदार है, जो खुद को बहुत होशियार समझता है, लेकिन वो वैसा है नहीं, इसलिए उसे शोऑफ करना पड़ता है कि वो बहुत बढ़िया जेलर है। असरानी कहते हैं, उन्होंने पूछा, 'कैसे करेंगे इसको?' मैंने कहा कि जेलर के कपड़े पहन लेंगे। उन्होंने कहा, 'नहीं'। उन्होंने सेकंड वर्ल्ड वॉर की किताब खोली, उसमें हिटलर के नौ पोज थे। हिटलर के पोज देखकर असरानी को लगा कि उन्हें हिटलर का रोल करना है, फि र उन्हें समझाया गया कि उन्हें हिटलर के बोलने के तरीके पर गौर करना है।



दलीप ट्रॉफी 2025:

# ईशान किशन टूर्नामेंट से बाहर



## अभिमन्यु ईश्वरन बने ईस्ट जोन के कप्तान

### ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन टीम में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण दलीप ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्हें ईस्ट जोन का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन अब वे 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाले छह-टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह ओडिशा के 20 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को ईस्ट जोन टीम में शामिल किया गया है। बंगाल के 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, जो पहले उपकप्तान थे, को अब कप्तान बनाया गया है। स्वैन ने ओडिशा के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 615 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 रन है। उन्होंने तीन अर्धशतक बनाए हैं और विकेट के पीछे 35 शिकार किए हैं, जिनमें 32 कैच और 3 स्टंपिंग शामिल हैं। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन ने एक्स पर स्वैन के ईस्ट जोन टीम में शामिल होने की पुष्टि की। ओसीए ने लिखा, 'ओडिशा के विकेटकीपर-बल्लेबाज आशीर्वाद स्वैन को दलीप ट्रॉफी के लिए ईस्ट जोन टीम में चुना गया है। वे ईशान किशन की जगह लेंगे और संदीप पटनायक के साथ टीम में शामिल होंगे।' आखिरी बार जुलाई में खेला था ईशान किशन ने अपना आखिरी मैच 29 जून से 2 जुलाई 2025 तक नॉटिंघमशायर के लिए समरसेट के खिलाफ टॉन्टन में खेला था, जिसमें उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए थे। ईशान ने भारत के लिए 14 मार्च 2021 को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 2 टेस्ट, 27 वनडे और 32 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

## बाबर को एशिया कप से बाहर करने पर विवाद

### जावेद मियांदाद बोले-चयनकर्ताओं को खुद नहीं पता क्या कर रहे हैं

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने रविवार को 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप और उससे पहले 29 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित त्रिकोणीय सीरीज (पाकिस्तान के साथ यूएई और अफगानिस्तान) के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस घोषणा में सीनियर बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को बाहर किए जाने का चौंकाने वाला फैसला लिया गया, जिसके बाद चयनकर्ताओं की कड़ी आलोचना हो रही है। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा,'चयनकर्ताओं को खुद नहीं पता कि वे क्या कर रहे हैं।

क्या उन्होंने कभी क्रिकेट खेली है? बाबर आजम जैसे महान खिलाड़ी को बाहर करना समझ से परे है। क्रिकेट में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं। खिलाड़ी को सही समय पर आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करना होता है।' सलमान अली आगा को सौंपी गई कमान, फखर जमान की वापसी टीम में सीनियर तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा को शामिल किया गया है। सलमान अली आगा को त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, फखर जमान ने हैमस्ट्रिंग चोट से उबरकर टीम में वापसी की है। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर चोट लगी थी, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं और दोनों टूर्नामेंट्स के लिए टीम में शामिल किए गए हैं। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को ग्रुप-ए में रखा गया है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं।



## भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा। गत विश्व चैंपियन नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया डायमंड लीग मीट में हिस्सा नहीं लिया था और उनके 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले अगले डायमंड लीग चरण में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है।




### तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद नीरज

हालांकि, इससे कोई फर्क नही पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। नीरज एक चरण में शीर्ष पर रहे थे, जबकि एक अन्य डायमंड लीग मीट में दूसरे स्थान पर थे। नीरज से आगे 17 अंक लेकर केशोर्न वालकॉट और 15 अंकों के साथ जूलियन वेबर हैं। ब्रसेल्स चरण के बाद तालिका में शीर्ष छह पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### इस सीजन बेहतरीन रहा है नीरज का प्रदर्शन

नीरज ने आखिरी बार पांच जुलाई को बंगलूरू में हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 86.18 मीटर का थ्रो कर खिताब जीता था। नीरज के लिए यह सीजन अब तक शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में बहुप्रतिक्षित 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका था और वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया था। नीरज 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

## सोमवार, 18 अगस्त राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन कुछ कठिनाइयां ला सकता है। कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती हैं। सोच-समझकर निर्णय लें। अपनी गलतियों को सुधारने की कोशिश करें। सेहत का ध्यान रखें। आज आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रह सकती है।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ फल लेकर आएगा। कामकाज में तरक्की हो सकती है। आपके कार्यों की सराहना होगी। वरिष्ठ अधिकारी आपके प्रयासों से प्रसन्न रहेंगे। रिश्तों में मधुरता आएगी और दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा।

मिथुन राशि के जातकों को आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके कामकाज में रुकावटें आ सकती हैं। आपको मन मुताबिक परिणाम पाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। धैर्य बनाए रखें और अपनी आंतरिक शक्ति पर भरोसा रखें।

आज का दिन कर्क राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है। आप कामकाज में पूरी ऊर्जा और उत्साह से काम करेंगे। आपको बेहतर परिणाम भी प्राप्त होंगे। कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ की संभावना बढ़ेगी।

सिंह राशि वालों को आज सतर्क रहने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। आज नए निवेश से दूरी बनाएं और बेवजह के खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या वेतन वृद्धि पाने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा कठिन रह सकता है। आज व्यावसायिक जीवन में कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। हालांकि धैर्य से स्थिति संभाली जा सकती है। अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित रखें।

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद शुभ रहेगा। आज आपको कामकाज में सफलता मिलेगी। आपका मन भी खुश रहेगा। आप नए विचारों से प्रेरित होंगे। कुछ नया करने के लिए उत्साहित रहेंगे। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ी उलझन हो सकती है।

वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ रहेगा। आपके जीवन में नई खुशियां आएंगी और कार्यक्षेत्र में उत्साह से काम करने का अवसर मिलेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबारियों के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा।

धनु राशि वालों के लिए आज का दिन थोड़ा कठिन रह सकता है। आज आपको कामकाज में दिक्कतें सामने आ सकती हैं। कारोबार में आपको नए निवेश से बचना होगा। किसी प्रोजेक्ट में धोखा मिल सकता है। कारोबार संभालने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

मकर राशि के लिए आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। आपको अप्रिय घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। कामकाज में सावधानी बरतें। सोच-समझकर फैसले लें और जल्दबाजी से बचें। नया काम शुरू करने का आज का दिन अनुकूल नहीं है।

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक रहने वाला है। आपकी मेहनत से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगे और आपके कामकाज की सराहना करेंगे। कार्यस्थल पर सम्मान मिलेगा। निजी रिश्तों में भी मजबूती आएगी। आपका स्वास्थ्य ठीकठाक रहेगा।

मीन राशि वालों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके सामने नए मौके आएंगे। आप उन्हें भुनाने के लिए तैयार रहें। विवाह योग्य जातकों का रिश्ता तय हो सकता है। परिवार में आनंद और उत्साह का माहौल रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# आत्मिक आभार

## एक सलाम कलमकारों के नाम

# कुटुंब भोज

में आपके आगमन व सफल बनाने के लिए
सभी का धन्यवाद।
आप सभी के प्रेम, स्नेह से हृदय अभिभूत है।

# एक थाली में खाये हिंदुस्तान

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
के महाप्रसाद में प्रसादी के लिए पधारे सभी
देवतुल्य शहरवासियों को सादर नमन।
आप सभी के प्रेम से एनएनआई परिवार कृतज्ञ है।

HOTEL PG PALM GALAXY
रिवाज निरंतर प्रवाहना...
परिश्रम BADMINTON ACADEMY
IndianOil GANGA GAS DISTRIBUTOR
IndianOil THAPAR GAS SERVICE
IndianOil DHEERAJ GAS SERVICE
SERVI EVENTS & WEDDING PLANNER
K. B. Jewellers & Sons
सोने व हीरे एवं कुन्दन के आभूषण